
## न्यूज डायरी



### भारत ने यूएनएससी में उठाया पत्रकार दानिश सिद्दीकी की हत्या का मुद्दा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पुलित्जर पुरस्कार विजेता फोटो पत्रकार दानिश सिद्दीकी की हत्या का मुद्दा उठाया। विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने शुक्रवार को यूएनएससी की बैठक में कहा कि भारत अफगानिस्तान में पत्रकार दानिश सिद्दीकी की हत्या की कड़ी निंदा करता है। उन्होंने सशस्त्र संघर्ष के हालात में मानवीय कार्यकर्ताओं के खिलाफ हिंसा पर गंभीर चिंता व्यक्त की। दानिश सिद्धीकी पाकिस्तान बॉर्डर पर स्पिन बोल्डक इलाके में तालिबान और अफगान फोर्सेज के बीच हो रहे युद्ध को कवर कर रहे थे। इस दौरान उनके हम्वी पर तालिबान ने आरपीजी से कम के कम तीन बार हमला किया। बताया जा रहा है कि इन्हीं हमलों में दानिश बुरी तरह से घायल हो गए, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। तालिबान ने उनके शव को इंटरनेशनल कमेटी ऑफ द रेड क्रॉस को सौंप दिया है, जहां से उसे भारत लाने की तैयारी की जा रही है।

### इमर्जेंसी लैंडिंग के दौरान पलटा प्लेन, हुआ क्रैश...पर बच गईं 18 जानें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस में एक विमान में यात्रा कर रहे लोगों की अच्छी किस्मत ने उन्हें बाल–बाल बचा लिया। शुक्रवार को रेडार से गायब हुए प्लेन ने साइबेरिया में हार्ड लैंडिंग की लेकिन इस पर सवार सभी 18 लोग सुरक्षित बच गए। इसके गायब होने के बाद कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही थीं, खासकर कुछ ही दिन पहले प्लेन क्रैश में सभी लोगों के मारे जाने की खबरों के बाद डर बढ़ा हुआ था। केड्रोवी से टॉम्स्क के बीच रूस का Antonov An–28 जहाज गायब हो गया था। इसके बाद राहत और बचाव कर्मियों को संभावित इलाके में भेजा गया और प्लेन के मलबे और लोगों की तलाश शुरू की गई। स्थानीय गवर्नर सर्जेई वाचकिन ने कहा कि सब चमत्कार में ही विश्वास कर रहे थे और पायलट्स के प्रफेशनलिज्म की वजह से सभी लोग जिंदा बच गए। वहीं, प्लेन का क्षतिग्रस्त मलबा पेड़ों से भरे इलाके में गिरा देखा जा सकता है।

### पाकिस्तान को राइफलों की सप्लाई करता था अमेरिका में पिज्जा दुकान का मालिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका में पिज्जा की दुकान चलाने वाले एक पाकिस्तानी और उसके साथी ने अपने देश में हथियार भेजने के संबंध में अपराध स्वीकार किया है। न्याय विभाग के अनुसार मूल रूप से पाकिस्तान का रहने वाला 35 वर्षीय अशफाक मलिक अपने साथी 22 वर्षीय वलीद आफताब के साथ यहां पिज्जा की दुकान चलाते थे। अमेरिकी पुलिस ने इन दोनों को दिसंबर 2014 में पकड़ा था। इनके द्वारा करीब 48 से ज्यादा एआर–15 सेमी आटोमेटिक राइफल और उनकी मैगजीन व पुर्जे अवैध रूप से पाकिस्तान भेजे गए थे। अभियोजक के अनुसार अशफाक और उसका साथी दोनों मार्लबोरो में पिज्जा की दुकान के मालिक थे। उनका दूसरा घर पाकिस्तान के लाहौर में था। ये दोनों वर्जीनिया से हथियार अपने नाम से खरीदते थे।

### इंटरनेट मीडिया पर कोरोना को लेकर गलत सूचनाएं फैलाने का लगाया आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सैन, फ्रांसिस्को। कोरोना को लेकर इंटरनेट मीडिया पर चल रही गलत जानकारियों वाली सामग्री से अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन बेहद खफा हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि फेसबुक जैसे इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म गलत जानकारी फैला कर लोगों को मार रहे हैं। बाइडन का बयान अमेरिका के सर्जन जनरल विवेक मूर्ति के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि इंटरनेट मीडिया वैक्सीन के बारे में भ्रामक जानकारी देकर सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरे पैदा कर रहा है। ज्ञात हो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन का भी मानना है कि महामारी में गलत जानकारी एक तरह से इंफोडेमिक है। इसी संबंध में जब विवेक मूर्ति के बयान के बाद पत्रकारों ने बाइडन से पूछा कि क्या उनका फेसबुक जैसे मीडिया प्लेटफार्म के लिए के लिए कोई संदेश है, जिसके कारण वैक्सीन के बारे में भ्रामक जानकारी फैल गई है।

# पाकिस्तान ने टाली अफगान शांति सम्मेलन की मेजबानी

**विवाद**

## तालिबान को समर्थन देने पर बढ़ा विवाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। तालिबान को समर्थन देने पर पैदा हुए विवाद के बीच पाकिस्तान ने अफगान शांति सम्मेलन को टालने का ऐलान कर दिया है। यह सम्मेलन शनिवार से पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शुरू होने वाला था। पाकिस्तान का दावा था कि इसमें अफगानिस्तान के कई बड़े नेता हिस्सा लेने वाले थे। पाकिस्तान ने अब कहा है कि अफगान शांति सम्मेलन का आयोजन अब ईद–उल–अजहा के बाद किया जाएगा। शुक्रवार को ही इमरान खान और अशरफ गनी ताशकंद में तालिबान के समर्थन के मुद्दे पर आपस में भिड़ गए थे।



**17 से 19 जुलाई तक होना था सम्मेलनः** अफगान शांति सम्मेलन इस्लामाबाद में 17 से 19 जुलाई तक होना था। इस बैठक में शामिल होने को लेकर अफगान सरकार ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले थे। तालिबान ने भी कहा था कि वह पाकिस्तान के साथ अलग से कई बैठकें कर चुका है। ऐसे में वह इस बैठक में शामिल होने नहीं जा रहा है।

**पाकिस्तान बोला- ईद-उल-अजहा के बाद करेंगे आयोजनः** पाकिस्तानी विदेश कार्यालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि इस्लामाबाद में 17 से 19 जुलाई 2021 को निर्धारित अफगान शांति सम्मेलन को ईद–उल–अजहा तक स्थगित किया जाता है। सम्मेलन के लिए नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी। इस साल ईद–उल–अजहा 21 जुलाई को मनाई जाएगी। सम्मेलन को टाले जाने की घोषणा ऐसे वक्त हुई है जब विदेश कार्यालय ने एक अन्य बयान में अफगानिस्तान के उपराष्ट्रपति अमरुल्ला सालेह की उस टिप्पणी को खारिज कर दिया कि पाकिस्तानी वायुसेना चमन और स्पिन बोलडाक के सीमावर्ती इलाकों में तालिबान आतंकवादियों की मदद कर रही है।

**अफगानिस्तान के अधिकतर हिस्सों पर तालिबान का कब्जाः** बीते कुछ दिनों से कंधार के स्पिन बोलडाक कस्बे में तालिबान और अफगान सुरक्षाबलों के बीच भीषण लड़ाई छिड़ी हुई है। तालिबान आतंकवादियों ने हाल के सप्ताहों में दर्जनों जिलों पर कब्जा कर लिया है और अब माना जा रहा है कि 11 सितंबर को अफगानिस्तान से अमेरिकी और पश्चिमी सैनिकों की पूर्ण वापसी से पहले देश के करीब एक तिहाई हिस्से पर उनका नियंत्रण है।

**ताशकंद में भिड़े इमरान-अशरफः** उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में एक सम्मेलन में अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने पाकिस्तानी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस्लामाबाद अफगानिस्तान में हिंसा को हवा दे रहा है।

गनी ने कहा कि पिछले महीने पाकिस्तान से 10 हजार से ज्यादा जिहादी लड़ाके सीमा पार कर उनके देश में दाखिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि अफगान बलों से झड़प के दौरान घायल हुए तालिबान आतंकवादियों का पाकिस्तान के अस्पतालों में इलाज होता है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने आरोपों को सिरे से खारिज किया था।

## घरों के बीच ये गली है या उफनती नदी के किनारे घर?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**बर्लिन। जर्मनी के एक शहर में घरों के नीचे जमीन धंस गई। दूसरे शहर में बाढ़ का पानी असिस्टेड लिविंग सेंटर में 12 लोगों को बहा ले गया। यूरोप में मरने वालों की संख्या 125 पार कर गई है और राहतकर्मी इस भयानक त्रासदी से निपटने में जूझ रहे हैं। इसी बीच जर्मनी के एक शहर का वीडियो सामने आया है जहां पूरी गली है नदी में तब्दील दिखी है। कई दिन से भारी बारिश के बाद जर्मनी में बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए हैं। या तो उनके घर तबाह हो गए हैं या भारी खतरे की चपेट में हैं। इससे होने वाले आर्थिक नुकसान को लेकर चिंता भी बनी हुई है। जर्मनी के अलावा यूरोप के दूसरे देशों में भी नदियां उफान पर हैं। जर्मनी के राइनलैंड पलाटिनेट राज्य में 63 लोगों की मौत हो गई। यहां एक असिस्टेट लिविंग सेंटर में पानी 12 लोगों को बहा ले गया।

पड़ोस के उत्तरी राइन–वेस्टफेलिया में 43 लोगों की मौत हो गई। यह संख्या बढ़ने की आशंका है। जर्मनी के राष्ट्रपति फ्रैंक वॉल्टर ने अचानक आई इस आपदा के दौरान प्रभावित परिवारों को सपोर्ट का ऐलान किया है। वहीं, बेल्जियम में भी कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई है और इतने ही लापता हैं। यहां भी नदियां खतरनाक होती जा रही हैं।



## हफ्तों बाद नासा ने दूर की हबल स्पेस टेलिस्कोप की खराबी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के हबल स्पेस टेलिस्कोप की खराबी को हफ्तों तक खराब रहने के बाद ठीक कर दिया गया है। एजेंसी ने ऐलान किया कि इसके जिस हार्डवेयर में खराबी आ गई थी उसके बैकअप को अब चालू कर लिया गया है। एक महीने पहले यह बंद हो गया था जिससे ऑपरेशन्स ठप हो गए थे। अब नासा के इंजिनियर टेलिस्कोप को पूरी तरह चलाने की तैयारी कर रहे हैं। इसमें फिलहाल कुछ दिन लग सकते हैं। पिछले 30 साल से अंतरिक्ष में रहकर अनगिनत खोज करने वाले हबल टेलिस्कोप के 1980 के दशक के एक कंप्यूटर में खराबी आ गई थी।

# नासा ने अंटार्कटिका में बर्फ की परत के नीचे खोजीं दो झीलें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अंटार्कटिका। अंटार्कटिका में बर्फीली परत के नीचे NASA के वैज्ञानिकों को दो नई झीलें मिली हैं। ये झीलें बर्फ के 1.2 से 2.5 मील नीचे एक नेटवर्क का हिस्सा हैं। कहा जाता है कि ये झीलें लगातार भरती और खाली होती हैं। इसकी वजह से परतों के मूवमेंट पर भी असर पड़ता है और इस बात पर भी कि दक्षिणी महासागर में पानी कैसे आता है। दुनियाभर के महासागरों में सर्कुलेशन की यह एक अहम प्रक्रिया है।

**बर्फ की परत के नीचे पानी**

कोलराडो स्कूल ऑफ माइन्स में जियोफिजिसिस्ट और स्टडी के लेखक प्रफेसर मैथ्यू सीफ्रीड के मुताबिक यहां सिर्फ बर्फ की परत की बात नहीं है बल्कि पानी के सिस्टम की बात है जो धरती के सिस्टम से जुड़ा है। बर्फ के नीचे यह सिस्टम सबसे पहले 2003 में NASA के ICESat मिशन से खोजा गया था। डेटा अनेलेसिस से पाया गया कि पश्चिम अंटार्कटिका में बर्फ में बढ़त से बर्फीली परत के नीचे पानी का द्रव्यमान पता चलता है।

**पानी के रहस्यमय नेटवर्क का हिस्सा**

**पानी का नेटवर्कः** पहले माना जाता था कि ऐसी झीलें अलग–अलग बहती हैं दूसरों से जुड़ी नहीं होतीं। बाद में साल 2007 में रिसर्चर्स ने पाया कि अंटार्कटिका की सतह पर बर्फ की ऊंचाई में बदलाव से नीचे की झीलों के पानी का पता चलता है। ये दक्षिणी महासागर में बहने से पहले कई बार खाली होती हैं और फिर भरती हैं। ICESat मिशन के बाद ICESat–2 से इस नेटवर्क को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलती है।

**पिघल रही है बर्फः** इससे पहले दूसरी स्टडी में वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि हर साल धरती पर से 53 हजार वर्ग किमी बर्फ पिघल रही है।

इससे आने वाले समय में इंसानों को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 1979 से लेकर वर्ष 2016 के बीच इतनी बर्फ पिघली है कि उससे विशाल सुप्रीयर झील को भरा जा सकता है।

## आस्ट्रेलिया में तेजी से बढ़ रहे कोरोना वायरस के मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। कोरोना वायरस ऑस्ट्रेलिया में कोहराम मचा रहा है। कोविड–19 के तेजी से बढ़ते हुए मामले को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया के शहर सिडनी में तालाबंदी लगाते हुए कड़ाई की जा रही है। बता दें कि बीते 24 घंटे में कोविड–19 के 111 नए मामले दर्ज किए गए हैं। राज्य में कोरोना वायरस से एक अतिरिक्त मौत दर्ज की गई है। वहीं सिडनी और उसके आसपास के जिलों में 1000 से अधिक लोग कोरोना परीक्षण में पॉजिटिव पाए गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के 5 मिलियन वाले लोगों का शहर सिडनी इस वक्त कोविड–19 की महामारी से परेशान है। सिडनी के पदाधिकारी द्वारा यह बताया गया है इस वायरस के प्रकोप की शुरुआत एक हवाईअड्डा ट्रांजिट ड्राइवर द्वारा वायरस को समुदाय में लाने के बाद से ही ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में कोरोनावायरस का संस्करण तेजी से फैला है। सिडनी व उसके आसपास के जिलों की बात करें तो करीब 1000 से अधिक लोगों में कोरोना संस्करण पाया गया है।